आयोजन

## संस्कृति और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का एक सशक्त मंच बनकर उभर रहा है नोहलेश्वर महोत्सव : धर्मेन्द्र सिंह

# आस्था, संस्कृति और अवसरों का उत्सव, रोजगार मेला का आयोजन हुआ

- 13 फरवरी को मुख्यमंत्री का आगमन होगा
- महोत्सव में आज जितेन्द्र खरे की प्रस्तुति ब्रज की होली पारंपरिक राई नृत्य



**नवभारत,दमोह.** जबेरा विधानसभा क्षेत्र के नगर नोहटा में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में व महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित पावन नोहलेश्वर महोत्सव के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की चरण वंदना कर किया गया. भक्तिमय वातावरण के बीच महोत्सव की शुरुआत ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा और दिव्यता से ओत-प्रोत कर दिया. महोत्सव के अंतर्गत जबेरा विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय कलाकारों एवं उभरती प्रतिभाओं को निरंतर मंच प्रदान करने के संकल्प के अनुरूप क्षेत्रीय कलाकारों ने सराहनीय प्रस्तुतियां दीं.इन प्रस्तुतियों में स्थानीय संस्कृति, लोक परंपराओं और कला का सजीव चित्रण देखने को मिला, जिसे उपस्थित दर्शकों ने मुक्त कंठ से सराहा.इसके पश्चात बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध कलाकार कृष्ण कुमार रंगीला व सुश्री संजना शरारती द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.उनकी हास्य, लोकगीत एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे पंडाल में उल्लास, ठहाकों और आनंद का वातावरण बना दिया.इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला महामंत्री अरुण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन,राघवेंद्र सिंह परिहार, संजय यादव, मनीष तिवारी, श्रीमती सुमन उपाध्याय, जिला मंत्री भरत यादव, रानू नामदेव जिला सह कोषाध्यक्ष श्रीमती कुसुम खरे, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही.साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई.इसी क्रम में यह भी उल्लेखनीय है कि 9 फरवरी सुबह 11 बजे नोहलेश्वर महोत्सव के अंतर्गत नोहलेश्वर परिसर, नोहटा में रोजगार मेला एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ना तथा उनके भविष्य निर्माण हेतु सही मार्गदर्शन प्रदान करना है.इसके साथ ही महोत्सव के दौरान 13 फरवरी को नोहटा की पावन धरती पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है.



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ हैलीपेड, श्री नोहलेश्वर महादेव मंदिर परिसर एवं सभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए.

### रोजगार मेले के दौरान युवाओं को किया प्रेरित



नवभारत,दमोह। प्रदेश के संस्कृति,पर्यटन,धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव रोजगार के लिए भी यह मेला आयोजित किया गया है और इसके साथ-साथ मेरी मंशा यह थी की युवाओं को कैरियर गाइडेंस मिले क्योंकि कभी-कभी हम लोग पढ़ाई तो कर लेते हैं लेकिन उसे पढ़ने के बाद हमारे जीवन की दिशा क्या होनी चाहिए, इन सब बातों को लेकर कहीं ना कहीं वहां संशय की स्थिति रहती हैं। उन्होंने कहा छात्र ने बारहवीं पास करने के बाद अगर रोजगार के लिए क्या करें या जो बड़े स्तर पर जाना चाहते हैं, उनको कौनसी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए की वे कलेक्टर या एसपी या डीएसपी या अन्य पदो में अधिकारी बन जाए। कहीं ना कहीं युवाओं को उनके जीवन की दिशा क्या होनी चाहिए पढ़ते-पढ़ते गाइडेंस की आवश्यकता होती हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा सुरक्षित वातावरण आपको मिलेगा और आप अपना कैरियर इन कंपनियों के माध्यम से बना सकते हैं। अर्न और लर्निंग की बात की जाए तो पढ़ाई के साथ-साथ अगर आप कमाई करना चाहते हैं तो वह सुविधा भी यहां पर उपलब्ध हैं, इस मेले में ऐसी कंपनियों भी सम्मिलित हैं, जो नौकरी के साथ-साथ पॉलीटेक्निक डिप्लोमा भी करवाती है। अगर आप संपर्क करेंगे उसका भी आप लाभ ले सकते हैं।उन्होंने कहा 18 हजार से लेकर 20 हज़ार रुपए तक छात्रवृत्ति भी कंपनियां देती हैं, आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को जीवन बदलने का भी अवसर है..

# परीक्षा का समय नजदीक, शिक्षक करते मनमानी

## यह बड़ी लापरवाही है, छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़



**कुम्हारी। संकुल कुम्हारी से जुड़ी एकीकृत शाला हिनौती जहां पर शिक्षकों की लापरवाही नजर आ रही परीक्षा का समय नजदीक आ रहा ऐसे में शिक्षा मनमानी करने पर लगे हैं। अतिथि शिक्षक माध्यमिक शाला में नजर आए प्राथमिक शाला में शिक्षक राकेश साहू उपस्थित थे बाकी अन्य शिक्षक विद्यालय में नजर नहीं आए यह बड़ी ही लापरवाही है।**

छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नजर आ रही कक्षा आठवीं की परीक्षाओं का समय नजदीक है 20 फरवरी से उसके बावजूद भी शिक्षक समय पर भी विद्यालय नहीं पहुंचते इसकी मुख्य वजह यह भी है बड़े आला अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते ना ही वेतन संबंधी कटौती की कार्रवाई होती कार्रवाई के नाम पर नोटिस या मौखिक कहना इतिश्री हो जाता है। यदि ठोस कार्रवाई हो तो शिक्षक ऐसी लापरवाही नहीं करेंगे छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे शिक्षक बहाने बाजी करते हैं। अक्सर पढ़ाने की वजह विद्यालय से गोल रहते हैं शिक्षा का स्तर दिनों दिन घटता नजर आ रहा है किसे जिम्मेदार माना जाए प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला ग्रामीण अंचल, और वनांचल के स्कूलों में शिक्षकों की देर से आने की और जल्दी जाने की आदत ने छात्रों को शिक्षण व्यवस्था से दूर कर दिया।



### इनका कहना

शिक्षकों के द्वारा लापरवाही की जा रही है इसके पूर्व में मौखिक जानकारी में समझाया नोटिस दिया फिर भी लापरवाही है इसकी जानकारी बड़े अधिकारियों को भेजी जाएगी।

**श्याम लाल पटेल**
**जन शिक्षक संकुल कुम्हारी**




## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के माध्यम से 8 फरवरी को मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिलों में एक साथ मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिए जा रहे हैं इसी श्रृंखला में दमोह में भी संगठन के द्वारा ज्ञापन दिया। ज्ञापन के पूर्व जिले के प्रत्येक विकास खंडों से सैकड़ो अध्यापक शिक्षक साथी व महिला शिक्षक साथी जिला कलेक्ट्रेट के बाहर एकत्रित हुए उपस्थित साथियों के द्वारा अपनी अपनी लंबित मांगों के संदर्भ में उद्बोधन दिए गए व एक विशाल रैली निकाल कर मध्य प्रदेश सरकार से निवेदन किया गया की यथाशीघ्र हमारी सभी मांगे यदि पूर्ण नहीं होती है तो आगामी समय में तालाबंदी हड़ताल की जाएगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी मध्य प्रदेश सरकार शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान अध्यापकों ने एक साथ मोबाइल निकाल कर ई अटेंडेंस ऐप डिलीट किया और कल से अटेंडेंस न लगाने की सामूहिक शपथ ली और जिले के प्रत्येक अध्यापक साथियों से निवेदन किया कि कोई भी साथी अटेंडेंस नहीं लगाएगा तभी हमारी जीत होगी ज्ञापन में निम्न मांगों को रखा गया। अध्यापक शिक्षक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन ग्रेच्युटी व अवकाशों का नगरीकरण का लाभ दिया जाए एवं क्रमन्नति और समयमान वेतनमान दिया जाए। अध्यापक संवर्गों को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति 1 जनवरी 2026 से आठवें वेतनमान का लाभ दिया जाए।

# दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर सड़क हादसा

## चावल से लदे ट्रक की टक्कर से दर्शनार्थियों से भरी पिकअप क्षतिग्रस्त, दर्जनभर से अधिक घायल








**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.** दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर फल्को नाला मंदिर के सामने शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया.दमोह से जबलपुर की ओर जा रहे चावल से लदे ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा चुकी पिकअप को तेज रफ्तार में जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप में सवार दर्शनार्थियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया.जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन गोसलपुर (जबलपुर) से बांदकपुर दर्शन के लिए जा रही थी, जिसमें करीब दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु सवार थे. हादसे में दर्जनभर से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए. घायलों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग श्रद्धालु भी शामिल बताए जा रहे हैं.हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जबेरा विकास सिंह चौहान व सिग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे.पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू अभियान चलाया और घायलों को 108 एंबुलेंस व निजी वाहनों की मदद से कटंगी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां सभी का उपचार जारी है.दुर्घटना के बाद दमोहदृजबलपुर स्टेट हाईवे पर भारी अव्यवस्था फैल गई. हादसे के चलते हाईवे करीब आधे घंटे तक पूरी तरह बाधित रहा.पुलिस के पहुंचने के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर मार्ग को वन-वे कर यातायात सुचारु कराया गया. कुल मिलाकर लगभग एक घंटे तक स्टेट हाईवे पर आवागमन प्रभावित रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं.फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.श्रद्धालुओं से भरी पिकअप और भारी ट्रक की यह टक्कर एक बार फिर स्टेट हाईवे पर यातायात सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है ।.

## थाना पटेरा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**नवभारत,दमोह।** जिला पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशानुसार जिले में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने व सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना पटेरा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया.यह अभियान थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में प्रमुख मार्गों, चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संचालित किया गया.अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया सहित अन्य वाहनों की गहन जांच की गई.पुलिस द्वारा वाहन चालकों के लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, हेलमेट व सीट बेल्ट की जांच की गई.जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई. इस दौरान कुल करीब 22 चालान काटे गए तथा लगभग 6,800 की समन शुल्क राशि वसूली की गई.

# देशी कट्टा व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, दमोह. सिटी कोतवाली पुलिस की कार्यवाही 12 बोर का देशी कट्टा व कारतूस लिए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली. टीआई कोतवाली मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शस्त्र की धरपकड़ हेतु आदेशित किया गया था, जो अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया व नगर पुलिस अधीक्षक सीएसपी एचआर पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया.**



जिसके तारतम्य में 07 फरवरी 2026 को मुखबिर से सूचना के आधार पर आरोपी रमन पिता लक्ष्मीप्रसाद चौबे उम्र 22 साल निवासी सेमरा छक्का थाना थरिया हाल जटाशंकर कालोनी दमोह के कब्जे से बारह बोर का देशी कट्टा व जिंदा कारतूस व आरोपी का मोबाइल जप्त किया गया. आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली के अप.क्र.110/2026 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.आरोपी को न्यायालय पेश किया गया.सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, प्र.आर 158 अभिषेक चौबे, प्र.आर. देवेन्द्र रैकवार, प्र.आर अजित दुबे प्र.आर महेश यादव,आर.नरेन्द्र पटैरिया, आर. ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आर. आकाश पाठक योगदान रहा.



## पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा

नवभारत,दमोह.05 फरवरी 2026 को थाना रजपुरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि पूर्व से पंजीबद्ध अप.क्र.11/25 धारा 6/9 गौ वंश अधिनियम व अन्य सुसंगत धाराओं के आरोपी जैसा बंजारा निवासी ग्राम हरदूटोला के अपने ग्राम में होने की सूचना मिली थी. उक्त सूचना पर पुलिस तस्दीक व दबिश देने गई थी परआरोपी दस्तयाब नहीं हुआ था, किंतु उक्त कार्यवाही के दौरान आरोपी जैसा बंजारा के परिजनों एवं आस पड़ोस के लोगों ने एक राय होकर पुलिस पार्टी से झूमा-झपटी करते हुए हमला कर दिया था.

## 23 लाख रुपए की लागत से डिवाइडर का हुआ निर्माण



नवभारत,दमोह. कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया दमोह शहर के घंटाघर से पथरिया ब्रिज की ओर डीएमएफ मद से लगभग 23 लाख रुपए की लागत से डिवाइडर का हुआ निर्माण सड़क पर कराया गया हैं। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री अठ्या ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 23 लाख रूपये की लागत से डीएमएफ मद से डिवाइडर का निर्माण कराया गया हैं। इस संबंध में यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बताया यहां पर सड़क पर वाहन लोग बेतरतीब लोग खड़े कर दिया करते थे और कहीं से भी क्रॉस होकर चले जाते थे, जिससे की दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती थी।

# टाउन हॉल में काव्य गोष्ठी हुई




**नवभारत,दमोह।** मप्र लेखक संगठन के तत्वाधान में गत दिवस फागुन विषय पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें नगर के श्रेष्ठ और वरिष्ठ साहित्यकारों ने अपने-अपने काव्य सुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एनआर राठौर ने कहा कि आपाधापी के इस युग में काव्य पताका को थामें रखना,दमोह साहित्य जगत की बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ रघुनंदन चिले ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि, साहित्यकारों को टाउन हॉल की उपलब्धि बड़ी सौगात है,इससे नगर में साहित्य, कला एवं संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा ।जाने-माने समीक्षक व पत्रकार नरेंद्र दुबे ने विशिष्ट तिथि के रूप में अपने उद्बोधन में कहा कि कवि या संस्कृति कर्मी जब जोड़ने की बात करता है, सेतु की बात करता है। संस्था अध्यक्ष इंजी अमर सिंह राजपूत ने कहा की,गोष्ठियों का अपना बड़ा महत्व होता है डॉ चिले साहब जैसे प्रमोटर ने साहित्य जगत के लिए बहुत कुछ दिया है। इंजी अमर सिंह राजपूत ने ,झोपड़ में फागुन मिला, चमक दमक से दूर। सीधा-साधा ढोंग रहित,प्रेम झरे भरपूर ।इसी तरह नन्हे सिंह ठाकुर और ओजेंद्र तिवारी ने भी अपनी अपनी रचनाएं पड़ी।



## कर्मचारी कल्याण कोष योजना से की जाती है आर्थिक सहायता

**नवभारत,दमोह.** पीएमयूएम शिक्षक संघ के प्रांत संयोजक पवन खरे ने बताया कि पीएमयूएम शिक्षक संघ द्वारा संचालित कर्मचारी कल्याण कोष योजना में पंजीकृत शिक्षक किशुन लडिया का स्वर्गवास हो गया था. कर्मचारी कल्याण कोष योजना में पंजीकृत होने से इस योजना के तहत संबंधित परिवार का आर्थिक सहयोग किया जाता है जिसके तहत इस परिवार का आर्थिक सहयोग 8 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक किया जा रहा. यह सहयोग संगठन द्वारा सभी पंजीकृत सदस्यों से सिर्फ 60 रुपया निर्धारित किया गया.

## एक नजर में

### उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में विद्यार्थियों से हुई परीक्षा पर चर्चा



नवभारत,दमोह। प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल ने उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के कृषि प्रक्षेत्र में विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने परीक्षा पे चर्चा, युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल तैयार करने की दिशा विद्यार्थियों को सुझाव दिये। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बड़ी पहल 'एग्जाम वॉरियर्स' का हिस्सा है।

### हरे माधव शोभायात्रा का समापन





नवभारत,दमोह। हरे माधव दयाल की दया जीवन मुक्त सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी की पावन हुजूरी में हरे माधव शोभायात्रा 9 फरवरी को शाम 7:00 बजे तीन गुल्ली चौराहा से प्रारंभ हो होकर सिंधी पक्का कैंप ग्राउंड दमोह में समापन हुआ.10 फरवरी आज मंगलवार प्रात:10 बजे तहसील ग्राउंड दमोह में सत्संग पश्चात भंडारा प्रसाद रखा गया है.



## सिंचाई की मोटर से लगा करंट, मौत

**नवभारत,तेंदूखेड़ा**/दमोह.जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरा मे एक व्यक्ति की खेत में सिंचाई करते समय एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है. जानकारी लेने पर पता चला की ग्राम पुरा निवासी टेक सिंह उर्फ हल्लू पिता देवी सिंह लोधी को अचानक मोटर से करंट लग गया. घटना स्थल पर मौत हो गयी यह नहीं पता चला की खुदकी मोटर से करंट लगा या अन्य कई लोगों की खेत में सिंचाई कर रही मोटर से करंट लगा है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच मे लिया है.

माफियाओं के हौसले बुलंद | अवैध लकड़ी काटने का सिलसिला जारी है

# वन विभाग की उदासीनता के चलते वनों की कटाई जोरों पर

**कुम्हारी। वन विभाग के कर्मचारियों क उदासीनता के चलते जंगल से लकड़ी काटने का सिलसिला जारी है 7 कुम्हारी बीट अंतर्गत हिनौती क्षेत्र खरा जंगल पर अवैध लकड़ी काटने का सिलसिला जारी है यह कहीं ना कहीं अनदेखी है जहां बनकर्मी नियमित जंगल का भ्रमण नहीं करते जिसके चलते वन माफिया के हौसले बुलंद हैं और लकड़ी काटने का सिलसिला जारी है.**



हरे पेड़ पौधों पर भी कुल्हाड़ी चल रही है जो कहीं ना कहीं वन विभाग को सवालों के घेरे में लाती है आखिर जहां पर्यावरण के लिए पेड़ों की आवश्यकता होती है इस तरह से हरे पेड़ो को निशाना बनाया जा रहा है वर्तमान में ईंट भट्टे का व्यापार भी जोरों पर चल रहा है जिसके चलते लकड़ी काटने का सिलसिला जारी है ईंट भट्टों का व्यापार जो दिन रात फल फूल रहा और चोरी चुपके लकड़ी लाने का सिलसिला भी लगातार जारी है यह कहीं ना कहीं मिली भगत का नतीजा है जिसके चलते कार्रवाई भी शून्य नजर आती है जंगलों का सफाया करके खेती के कारोबार में भी रुचि बढ़ती जा रही आखिरकार विभाग के द्वारा लगाम क्यों नहीं कसी जा रही यह कहीं ना कहीं बड़ी समस्या बनी है ठंड के सीजन में भी जलाऊ लकड़ी लगातार ढुलाई जारी रही जिस पर अंकुश भी नहीं लगाया जा रहा।



### इनका कहना-

जंगल में लकड़ी काटी जा रही है स्थल पर निरीक्षण किया जाएगा संबंधित बीट प्रभारी पर वसूली कार्रवाई की जाएगी।

**अखिलेश चौरसिया**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी, सगोनी**